# 2017

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks - 100**

**Pass Marks - 33**

**Time : Three hours and *Fifteen Minutes**

*(*15 minutes are given as extra time for reading questions)*

साधारण निर्देश :

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं — क, ख, ग, घ ।
2. प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।
4. उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

## खण्ड-'क'

### (वाचन-10 अंक)

1. छन्द कितने प्रकार के होते हैं ? उन प्रकारों के नाम सहित लिखिए। 1+1=2

2. अलंकार किसे कहते हैं ? अलंकार कितने प्रकार के होते हैं ? उनके नाम सहित लिखिए। 1+1=2

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 3 से 6 तक के उत्तर एक-एक शब्द / शब्द-समूह / वाक्य में लिखिए।**

3. श्लेष अलंकार किसे कहते हैं ? 1

4. जब उपमेय को उपमान के रुप में दर्शाया जाता है तो उस अलंकार को क्या कहते हैं ? 1

5. दोहा छन्द क़ा एक उदाहरण लिखिए। 1

6. 'वर्ण' कितने प्रकार के होते हैं ? 1

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 7 और 8 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

7. 'मुख कमल जैसा सुन्दर है'।
   — इस उदाहरण में कौन सा अलंकार है? 1

   (क) रुपक

   (ख) उपमा

   (ग) श्लेष

   (घ) उत्प्रेक्षा।

8. 'कनक कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय।
   या खायें बौरात हैं, या पाएं बौराय॥
   — उपर्युक्त पद में निहित छन्द का नाम क्या है? 1

   (क) गीतिका

   (ख) दोहा

   (ग) सोरठा

   (घ) बरवै।

## खण्ड-'ख'

### (लेखन-15 अंक)

9. मान लीजिए कि आप 'क' स्कूल के सेक्रेटरी हैं। आपके स्कूल में एक हिन्दी अध्यापक का पद खाली हो गया है। इस पद के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमंत्रित करते हुए एक विज्ञापन लिखिए। 8

10. मान लीजिए कि आप 'क' दैनिक समाचार-पत्र का रिपोर्टर हैं। कल अचानक बाढ़ आने से आपके शहर में तबाही हो गई। इस सम्बन्ध में अखबार में छपाने का एक रिपोर्ट लिखिए। 7

## खण्ड-'ग'

### (व्याकरण-15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 11 से 12 के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए।**

11. तत्सम और तद्भव शब्दों की अलग-अलग परिभाषाएँ दीजिए और दोनों का उत्तर स्पष्ट कीजिए। 4

12. सन्धि किसे कहते हैं, इनके कितने प्रकार होते हैं ? सोदाहरण समझाइए। 4

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 13 से 17 तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द-समूह में लिखिए।**

13. 'जो साहसी पुरुष होते हैं, वे सफल होते हैं।'
— इस मिश्रित वाक्य को सरल वाक्य में लिखिए। 1

14. मोहन आया और मदन चला गया।
— इस संयुक्त वाक्य को मिश्रित वाक्य में परिवर्तित कीजिए। 1

15. 'आंखों में धूल झोंकना' मुहावरे को वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

16. 'दाँत खट्टे करना' मुहावरे को वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

17. 'अधजल गगरी छलकत जाए' लोकोक्ति को वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 18 और 19 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

18. 'सीताराम' में कौन सा समास है? 1

(क) तत्पुरुष समास

(ख) कर्मधारय समास

(ग) द्वन्द्व समास

(घ) बहुव्रीहि समास।

19. 'बहुत घना सम्बन्ध' शब्द-समूह के लिए उपयुक्त लोकोक्ति कौन सी है? 1

(क) आम के आम गुठली के दाम

(ख) चोली दामन का साथ

(ग) एक पन्थ दो काज

(घ) एक हाथ से ताली नहीं बजती।

## खण्ड-'घ'

### ( साहित्य-60 अंक )

### *( पद्य : प्राचीन—8 अंक और आधुनिक—12 अंक )*

20. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) रहिमन वे नर मर चुके, जे कहुं मांगन जाहिं
उबते पहले वे मरे, जिन मुख निकसत नांहि

*अथवा*

(ख) जाऊं कहाँ तजि चरन तिहारे ?
का को नाम पतित-पावन जग, केहि अति दीन पियारे

21. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 7

(क) परी पीड़ा से पूर-पूर हो
धक-धक कर और चूर-चूर हो
ऊमल-धवल गिरि के शिखरों पर
प्रियवर, तुम कब तक सोये थे ?

*अथवा*

(ख) चाँद और तारों की छत है
दिशा-दिशा दीवार है,
सारी धरती मेरा आंगन
पूरब-पश्चिम द्वार है,

22. 'फूटपाथ' कविता में कवि समाज की कौन-सी स्थिति को दर्शाता है ? 4

**निर्देश : प्रश्नपत्र-संख्या 23 और 24 के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।**

23. तुलसीदास की सर्वोत्कृष्ट रचना का नाम क्या है ? 1

24. 'अभिमन्यु' कविता का रचनाकार कौन है ? 1

*( गद्य—25 अंक )*

25. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) मीठी बातों का परिणाम बहुत देखा। मीठी बातों से बाघ के मुँह से अपना सिर नहीं निकाला जा सकता। उस वक्त बाघ का मारना ही एक इलाज है।

*अथवा*

(ख) मणिपुर के प्राचीन पारम्परीण खेल ताकत, शक्ति कौशल एंक चतुराई का प्रतीक हैं ये सिर्फ खेल ही नहीं ; प्राचीन काल के प्रत्येक मणिपुरी पुरुष की जीवन शैली के अभिन्न अंग होते थे।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 26 और 27 के उत्तर लगभग 40-40 शब्दों में लिखिए।**

26. असमीया का जीवन-दर्शन क्या है? 4

27. खोङ् काङ्जै कैसा खेल है ? 4

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 28 और 29 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में लिखिए।**

28. एड्स के लक्षण क्या-क्या हैं? 2

29. माजुली क्या है ? यह कहाँ स्थित है ? 2

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 30 से 33 तक के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।**

30. असम का विशिष्ट रेशम क्या है ? 1

31. किसी जाति की पहचान किससे होती है? 1

32. असमीया लोकमानस में किसकी वीरता पैठी हुई है? 1

33. सुनन्दा के मन में गुस्सा क्यों आने लगा ? 1

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 34 और 35 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

34. कालिन्दीचरण कितने आदमी अपने घर ले आये ? 1

(क) दो आदमी

(ख) चार आदमी

(ग) तीन आदमी

(घ) पांच आदमी।

35. 'साहित्यिक की मूर्तिपूजा' का लेखक है — 1

(क) जैनेन्द्र कुमार

(ख) माखनलाल चतुर्वेदी

(ग) अज्ञेय

(घ) इबोहल सिंह काङजम।

## *(पूरक पाठ्य पुस्तक—15 अंक)*

36. (क) बिजली को आधुनिक युग की सबसे बड़ी शक्ति क्यों कहा जाता है ? 7

*अथवा*

(ख) भारतीय संस्कृति की कुछ विशेषताएं लिखिए।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 37 और 38 के उत्तर लगभग 40-40 शब्दों में लिखिए।**

37. रामायण और महाभारत का भारतीय संस्कृति पर कौन सा प्रभाव पड़ता है ? 4

38. विजय का स्वभाव कैसा है ? 4

---